दिन– रविवार दिनांक– 08 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सीमा सुरक्षा बल वीरता, शौर्य और बलिदान के दम पर छह दशकों से देश की सीमा सुरक्षा की प्रथम पंक्ति को मजबूत करने में कार्यरत है। जोधपुर में आज सीमा सुरक्षा बल के साठवें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि उन्नीस सौ पैंसठ से देश की पूर्वी और पश्चिमी सीमाओं को सुरक्षित रखने में सीमा सुरक्षा बल ने उत्कृष्ट कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सीमा सुरक्षा बल के बिना देश की बढ़ती सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करना असंभव है। गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के सुरक्षा परिदृश्य में बड़ा बदलाव आया है। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने सीमा पर स्थित गांवों के लिए जीवंत ग्राम योजना शुरू की है, जिससे कि सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों को सम्मान, रोजगार और सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा सके।

———————————————————

जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा है कि दो हजार पच्चीस के विधानसभा चुनाव में बिहार में एक बार फिर पूर्ण बहुमत से एनडीए की सरकार बनेगी। आज कटिहार में आयोजित पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने के बाद उन्होंने कहा कि एनडीए पूरी तरह से एकजुट है। श्री झा ने कहा कि नीतीश कुमार कभी भी किसी जाति और धर्म के नाम पर राजनीति नहीं करते। उन्होंने दावा किया कि अल्पसंख्यकों का वोट इस बार निश्चित तौर पर एनडीए को मिलेगा। उन्होंने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव अपने समय पर होगा।

———————————————————

बिहार विधान परिषद के तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव की मतगणना कल होगी। इस उपचुनाव में कुल अठारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें जदयू के अभिषेक झा, राजद के गोपी किशन और जनसुराज के विनायक गौतम प्रमुख हैं।

———————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के रामगढ़वा के आमोदेई में रिपुराज राईस मिल के दर्जनों ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी में भारी मात्रा में कैश और कीमती सामान मिले हैं। गत शुक्रवार को शुरू हुई छापेमारी दो दिनों तक चली। मेसर्स रिपुराज एग्रो प्राईवेट लिमिटेड नाम से बिहार के रक्सौल में गैर बासमती चावल मिलिंग के मालिक रामेश्वर प्रसाद गुप्ता प्रमुख उद्योगपतियों में शामिल हैं। इनके मिल से नेपाल, बांग्लादेश और सउदी अरब को बासमती चावल का निर्यात किया जाता है।

---

बीपीएससी अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनुभाई से मुलाकात की। अभ्यर्थियों ने सर्वर डाउन रहने के कारण फॉर्म भरने और परीक्षा की तिथि आगे बढ़ाने की मांग की। आयोग के अध्यक्ष ने अभ्यर्थियों को आश्वासन दिया है कि इस पर विचार किया जाएगा। छात्रों के प्रतिनिधि मंडल ने इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा से भी मुलाकात कर अपनी परेशानियां साझा की।

---

प्रदेश के सात जिलों के पुरुष उम्मीदवारों के लिए बीस से छब्बीस दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली आयोजित होगी। सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार रैली में पटना, बक्सर, भोजपुर, सीवान, सारण, गोपालगंज और वैशाली जिले के अभ्यर्थी भाग लेंगे। अग्निवीर जनरल ड्यूटी के पुरुष अभ्यर्थियों के लिए बीस से चौबीस दिसंबर जबकि टेक्निकल, कार्यालय सहायक और एसकेटी पुरुष अग्निवीरों के लिए भर्ती रैली पच्चीस दिसंबर को होगी। इन्हीं जिलों के आठवीं और दसवीं पास अभ्यर्थी अग्निवीर ट्रेड्समैन पद के लिए छब्बीस दिसंबर को भर्ती रैली में शामिल होंगे। वहीं, बिहार–झारखंड की शार्टलिस्ट की गई महिला अभ्यर्थियों के लिए यह रैली सत्ताईस दिसंबर को आयोजित की जायेगी।

---

प्रदेश के अधिकतर भागों में तेज पछुआ हवा के कारण ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज रोहतास के डेहरी में सबसे कम न्यूनतम तापमान सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। राज्य के पश्चिम चंपारण जिले के वाल्मीकि नगर और पूर्णिया जिले में घना कुहासा छाया रहा। विभाग ने अगले दो से तीन दिनों के दौरान सुबह के समय राज्य के अधिकांश हिस्सों में मध्यम से घने स्तर का कुहासा छाये रहने की संभावना जताई है।